**SET-1**

# केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग

## मासिक परीक्षा अक्टूबर 2024

कक्षा : 9 वी विषय : हिंदी 'अ' पूर्णांक : 40 समय : 90 मिनट

सामान्य निर्देश:–

- सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित हैं ।
- सभी उपप्रश्नों के उत्तर दिये गए निर्देशों के अनुरूप क्रमशः व एक साथ देने का प्रयास करें ।
- सभी प्रश्न हल करने का यथासंभव प्रयास करे ।

| | | |
|---|---|---|
| | खंड - क (अपठित बोध ) | |
| प्रश्न 1. | निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये- | 7 अंक |
| | समय निरंतर गतिमान है, इसे रोकना असंभव है। राजा हो या रंक, संत हो या सामान्य प्राणी, अमीर हो या गरीब सभी को समय अपने आगोश में समेट लेता है। समय की कीमत न पहचानने वाले समय बीत जाने पर सिर धुनते रह जाते हैं इसलिए हमें समय का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही समयानुसार काम भी करना चाहिए। जीवन की यह कुंजी है। यूनान के दार्शनिक अरस्तू ने कहा है- " प्रत्येक व्यक्ति को उचित समय पर, उचित व्यक्ति से, उचित मात्रा में, उद्देश्य के लिए, उचित ढंग से व्यवहार करना चाहिए।" वास्तव में एक-एक क्षण से प्रत्येक प्राणी का संबंध रहता है, परंतु प्रत्येक व्यक्ति उसका महत्व समझता नहीं है। अधिकतर व्यक्ति सोचते हैं कि कोई अच्छा समय आएगा तो काम करेंगे। इस दुविधा व उधेड़बुन में वे जीवन के अनेक अमूल्य क्षणों को खो देते हैं। वे दिनों, महीनों, वर्षों को किसी शुभ क्षण की प्रतीक्षा में बिता देते हैं किंतु ऐसा क्षण किसी के जीवन में कभी नहीं आया। कभी किसी व्यक्ति को बिना हाथ पाँव हिलाए संसार की बहुत बड़ी संपत्ति छप्पर फाड़ कर नहीं मिलती। समय उन्हीं के रथ के घोड़े को हाँकता है जो भाग्य के भरोसे बैठना पुरुषार्थ का अपमान समझते हैं । वास्तव में मनुष्य जिस समय को चाहे शुभ क्षण बना सकता है। आवश्यकता श्रम और समय की परख की है । जो व्यक्ति श्रम और पारखी होता है लक्ष्मी भी उसी का वरण करती है। जीवन में असफलता का कारण दुर्भाग्य नहीं होता अपितु समय को गलत समझने की भूल होती है। | |
| (I) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन (A) : समय को रोकना असंभव है ।<br>कारण (R) : समय निरंतर गतिमान रहता है ।<br>i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।<br>ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | iv. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| (II) | कथन लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-<br>जीवन की कुंजी के लिए व्यवहार करना चाहिए ।<br>I. प्रत्येक व्यक्ति को उचित समय पर<br>II. उचित व्यक्ति से<br>III. उचित मात्रा में<br>विकल्प –<br>i. कथन I और II सही हैं।<br>ii. कथन I और III सही हैं।<br>iii. केवल कथन I सही है।<br>iv. कथन I, II और III सही हैं। | **1** |
| (III) | नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए –<br>कॉलम 1 कॉलम 2<br>I समय निरंतर 1 – लक्ष्मी भी उसी का वरण करती है।<br>II जो व्यक्ति श्रम और पारखी होता है 2 – गतिमान है ।<br>III उचित ढंग से 3 – व्यवहार करना चाहिए<br>i. I(3), II(2), III(1)<br>ii. I(1), II(2), III(3)<br>iii. I(3), II(1), III(2)<br>iv. I(2), II(1), III(3) | **1** |
| (IV) | समय का महत्व न समझने वाले अधिकतर व्यक्तियों की क्या दशा होती है? | **2** |
| (V) | समय किन लोगों के रथ के घोड़ों को हाँकता है ? | **2** |
| **प्रश्न 2.** | दिए गए व्याकरण के प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़कर किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए I **1x8** | **8** |

| | | |
|---|---|---|
| (क ) ( ख) | अ) शायद कल बारिश हो । (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए)<br>ब) जंगल में अब शेर नहीं रहते हैं। ( वाक्य का भेद है)<br>स) वह दिल्ली से लौट आया है। ( प्रश्नवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए)<br>द) तुम्हें 4:00 तक घर पहुंच जाना चाहिए।( आज्ञा वाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए)<br>य) कालम एक को कालम दो से मिलान कर सही विकल्प चुनिए।<br>कालम 1 कालम 2<br>1 - क्या तुम कल बाजार जाओगे ? (I) विस्मयादिबोधक वाक्य<br>2 आह ! कैसा सुंदर दृश्य है । (II) प्रश्नवाचक वाक्य<br>3 भगवान करे आपका कार्य सफल हो जाए। (III) इच्छा वाचक वाक्य<br>i) 1-(III), 2-(1) , 3-(II) ii) 1-(II), 2-(I) , 3-(III)<br>iii) 1- (I), 2-(II), 3- (III) iv) 1-(III) , 2-(II), 3-(I)<br><br>निम्नलिखित में से किन्ही चार उपसर्ग एवं प्रत्यय संबंधी प्रश्नों के लिए उचित उत्तर लिखिए ।<br>अ) आमरण शब्द में मूल शब्द है।<br>ब) अभिशाप शब्द से उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग अलग लिखिए ।<br>स) गर्वीला शब्द में कौन सा प्रत्यय है?<br>द) प्रतिदिन में प्रयुक्त उपसर्ग है ।<br>य) उपसर्ग से आप क्या समझते हैं उपयुक्त उदाहरण दीजिए । | |
| प्रश्न -3 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1x5**<br>मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन ।<br>जो पशु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नंद की धेनु मँझारन ।<br>पहन हौं तो वही गिरि को जो कियो हरिछत्र पुरंदर धारन ।<br>जो काग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन ।।<br>अ) कवि मनुष्य के रूप में कहाँ जन्म लेना चाहता है ?<br>i) मथुरा ii) आगरा iii) गोकुल iv) काशी<br>ब) रसखान पशु के रूप में जन्म लेकर किसके साथ रहना चाहते हैं?<br>i) नंद की गायों के साथ ii) गोपियों की गायों के साथ<br>iii) ग्वाल बालों की गायों के साथ iv) गायों के साथ<br>स) यमुना नदी के तट पर कौन सा वृक्ष था?<br>i) आम ii) कदम्ब iii) पीपल iv) नीम | **5** |

| | | |
|---|---|---|
| | द) कवि किस पर्वत के पत्थर का भाग बनना चाहता है?<br>य) "कालिंदी कूल कदम्ब की डारन" में कौन सा अलंकार है? | |
| प्रश्न **4** | गद्य एव पद्य पाठो पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नो मे से किन्हीं तीन प्रश्न के उत्तर लिखिए-<br>(<br>शब्द सीमा **20-30** शब्द) **2x3=6**<br>अ) आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है?<br>ब) अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?<br>स) कवि का ब्रज के बन, बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण है?<br>द) कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है? | **6** |
| प्रश्न **5** | पूरक पुस्तिका कृतिका भाग **1** के आधार पर किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए**-- (**शब्द सीमा **50-80**शब्द**)**<br>अ) मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है और क्यों ?<br>ब) बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है ? | **4** |
| प्रश्न **6** | दिए गए निम्नलिखित विषयो मे से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए**-**<br>**(**शब्द सीमा **100-150** शब्द )<br>**(1)** किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र संपादक को पत्र लिखकर नगर के जल संस्थान द्वारा जलापूर्ति में की जाने वाली गड़बड़ियों की ओर जल निगम के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए बातें लिखी हो ।<br>अथवा<br>'स्वच्छ भारत अभियान' के विषय में बताते हुए अपने मित्र को लगभग 100 शव्दों में पत्र लिखिंए। | **5** |
| प्रश्न **7** | दिए गए विषयो मे से किसी एक विषय पर दिए गए सकेत बिंदु के आधार पर **100** से **150** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।<br>**(**शब्द सीमा **100-150** शब्द**)**<br>अ) स्वच्छ भारत अभियान<br>संकेत बिंदु : विकास में स्वच्छता का योगदान<br>अस्वच्छता से हानियां ,<br>रोकने के उपाय ,<br>अथवा<br>ब) क्रिकेट मैच का आंखों देखा वर्णन<br>संकेत बिंदु :- कहां, कैसे और कब,<br>आनंद का चरमोत्कर्ष<br>परिणाम, | **5** |